>

Title: Need to construct railway line from Ranchi to Korba via Lohardga, Gumla and Jaspur- Laid

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा (झारखंड) अंतर्गत गुमला जिले की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । जनजातीय बहुल क्षेत्र कृषि पर आधारित जीवनशैली यहां की पहचान है, वनों और प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण झारखंड का एक बड़ा जिला है, दुर्भाग्य यह है कि यह जिला उग्रवाद प्रभावित भी है, इसलिए यहां के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए जनहित में इस जिले को रेल सेवा से जोड़ना अति आवश्यक है, जिससे कि यहां से लगातार हो रहे पलायन को भी रोका जा सके । वनोत्पाद तथा कृषि उत्पादों के विपणन हेतु, रोगियों को इलाज हेतु विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु, बहु-उपयोगी रेल सेवा से इस क्षेत्र को जोड़ना जनहित में होगा, इस संदर्भ में मेरे द्वारा पूर्व में भी कई बार रेल मंत्रालय के समक्ष आवेदन किया जा चुका है कि रांची से कोरबा (छ0ग0) वाया लोहरदगा, गुमला, जसपुर एक नई रेलवे लाइन का निर्माण अति आवश्यक है । रांची-टूरी, वाया लोहरदगा रेलवे लाइन को भी डबल किया जाना हितकर होगा ।